भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये सत्यमेव जयते Rs. 500

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH C 388677

NOV 2009

उपनिबंधक द्वितीय बरेली







## श्री जयनारायण एजूकेशनल ट्रस्ट

### —: भूमिका :—

अष्टादश पुराणेषु, व्यासस्य वचनद्वयम।
परोपकाराय पुण्याय, पापाय परपीडनम।।

इन्हीं पंक्तियों को सार्थक करता है श्री जयनारायण गुप्ता जी का सम्पूर्ण जीवन जिनसे भावी पीढ़ी सदा प्रेरणा लेती रहेगी और समाज जिनके प्रति सदैव श्रद्धा से कृतज्ञ रहेगा।

श्री जयनारायण जी ने आर्थिक क्षेत्र के साथ–साथ समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में भी प्रशंसनीय कार्य किये। देश के स्वाधीनता समर में उन्होंने भामाशाह की भांति सदैव राष्ट्र कार्य के लिये आर्थिक सहयोग किया। आपकी सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि थी। उन्होंने देहरादून में एक सुन्दर एवं विशाल धर्मशाला का निर्माण कराया शिक्षा क्षेत्र में [illegible] चिकित्सा क्षेत्र में देहरादून के चिकित्सालय में आधुनिक कक्ष का निर्माण कराया

(1)

PRINCIPAL
DIBDIBA, BILASPUR

Principal
Jai Narayan Public School
Kesarpur, Faridpur, Bareilly

For Jai Narayan Public School

Secretary

पचास रुपये रु.50 | भारत | सत्यमेव जयते | INDIA | FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH




S 793207

आपकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिये तथा आपके आदर्श को समाज के आगे प्रस्तुत करने के लिये इस ट्रस्ट का गठन आज दिनांक 28 नवम्बर 2009 दिन शनिवार, गीता जयंती एवं मोक्षदा एकादशी पर मैं अरूण गुप्ता सुपुत्र श्री एम0 एस0 गोयल, निवासी 10, आराधना, सिविल लाइन्स बरेली, उ0 प्र0 द्वारा जयनारायण एजूकेशनल ट्रस्ट का निर्माण करता हूँ और इस न्यास के लिये अपनी ओर से रू0 11,000/– (ग्यारह हजार) की राशि अर्पित करता हूँ। यह राशि न्यास की प्रारंभिक सम्पत्ति होगी।

न्यास की व्यवस्था के लिए पांच संस्थापक न्यासी घोषित करता हूँ।

1. श्री अरूण गुप्ता सुपुत्र श्री एम0 एस0 गोयल, 10, अराधना सिविल लाइन्स बरेली
2. श्री अमित मनोहर सुपुत्र श्री विपिन चन्द्र अग्रवाल, 437, सिकलापुर, बरेली
3. श्री शिवम गुप्ता सुपुत्र श्री अरूण गुप्ता, 10, अराधना सिविल लाइन्स, बरेली
4. श्री बृजमोहन शर्मा सुपुत्र श्री डी0 एन0 शर्मा, 09, नार्थ सिटी पाकेट–बी0 इज्जतनगर, बरेली
5. श्री शुभम गुप्ता सुपुत्र श्री अरूण गुप्ता, 10, अराधना, सिविल लाइन्स, बरेली

(2)

Principal
Jai Narayan Public School
Kesarpur, Faridpur, Bareilly

For Jai Narayan Public School
Secretary

पचास रुपये रु.50 भारत सत्यमेव जयते INDIA FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH R 618436

## ट्रस्ट का विवरण

1) ट्रस्ट का नाम :– " श्री जयनारायण एजूकेशनल ट्रस्ट"
2) ट्रस्ट का पता :– कॉमर्शियल मोटर्स, रामपुर रोड, बरेली (उ० प्र०)
3) कार्यक्षेत्र :– सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश
4) ट्रस्ट के उद्देश्य :– निम्न प्रकार होंगे

4–1 :– बालकों के बहुमुखी विकास हेतु नैतिक, शारीरिक, मानसिक,आध्यात्मिक, योग की शिक्षा देना तथा छात्रावास, पुस्तकालय, वाचनालय, चिकित्सालयों की स्थापना कर संचालन करना।

4–2 :– गरीब व प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं को शिक्षा हेतु सहयोग करना, छात्रवृत्ति, पुरस्कार देना तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु शिक्षण व प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित कर संचालन करना।

4–3 :– शिक्षा के प्रसार हेतु भारतीय संस्कृति, परम्पराओं, मान्यताओं के अनुरूप, बालक–बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए स्थान–स्थान पर विद्यालय, महाविद्यालय तथा शिक्षा संस्थानों की स्थापना कर उनका संचालन करना।

PRINCIPAL



For Jai Narayan Public School

Secretary

Principal
Jai Narayan Public School
...arpur, Faridpur, Bareilly

पचास रुपये रु.50 भारत FIFTY RUPEES Rs.50 सत्यमेव जयते INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

R 570678

4–4 :– ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शिक्षा के विकास एवं प्रसार हेतु शैक्षिक संस्थाओं, तकनीकी शिक्षण, विकलांग, व्यवसायिक शिक्षा, इंजीनियरिंग, मेडीकल, पैरामेडिकल, प्रबंध विज्ञान, कम्प्यूटर शिक्षा, कृषि एवं ग्रामीण विकास आदि से संबंधित शिक्षा संस्थाओं की स्थापना करना व संचालन करना।

4–5 :– पूर्व प्राथमिक से विश्व–विद्यालय स्तर तक की शिक्षण, प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थापना करना, संचालन करना तथा तद्संबंधी प्रतिष्ठानों एवं शासन से उनकी मान्यता, अनुमति प्राप्त करना।

4–6 :– उक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समाज, राज्य तथा केन्द्र सरकार आदि से ऋण, अनुदान एवं वित्तीय सहायता प्राप्त करना।

4–7 :– इनके अतिरिक्त वह समस्त कार्य करना जो ट्रस्ट के हित में होंगे।

5) प्रारम्भिक सम्पत्ति :– ट्रस्ट की प्रारम्भिक सम्पत्ति रू0 11,000/– (रू0 ग्यारह हजार) है। यह राशि प्रबंध ट्रस्टी अरूण गुप्ता द्वारा संस्थापक ट्रस्टी को सौंपी गयी है।

PRINCIPAL



Principal
Jai Narayan Public School
Kesarpur, Faridpur, Bareilly

For Jai Narayan Public School
Secretary

पचास रुपये रु.50 भारत FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

R 570679

6) बोर्ड ऑफ ट्रस्टी

6–1 :– ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी के अतिरिक्त पॉच ट्रस्टी आवश्यकता होने पर नियुक्त किये जा सकेंगें।

6–2 :– ट्रस्टी की अधिकतम संख्या 10 होगी शेष ट्रस्टी की नियुक्ति, ट्रस्ट के कार्य विस्तार के साथ–साथ संस्थापक ट्रस्टीगणों के बहुमत के निर्णय के आधार पर की जायेगी।

6–3 :– सभी ट्रस्टीगण (संस्थापक तथा सामान्य) मिलकर बोर्ड ऑफ ट्रस्टी कहलायेंगे।

7) ट्रस्टी का कार्यकाल

7–1 :– पांच संस्थापक आजीवन ट्रस्टी रहेंगे। शेष ट्रस्टीगणों का कार्यकाल नियुक्ति तिथि से पांच वर्ष रहेगा।

7–2 :– कार्यकाल पूरा होने पर या कार्यकाल पूर्ण होने से पूर्व रिक्त स्थान होने पर संस्थापक ट्रस्टी बहुमत के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति कर सकेंगे।

7–3 :– निवर्तमान ट्रस्टी भी आगामी पांच वर्षों के लिए पुनः नियुक्त किये जाने के पात्र होंगें।

(5)

PRINCIPAL BILASPUR

For Jai Narayan Public School

Secretary

Principal
Jai Narayan Public School
...pur, Faridpur, Bareilly

पचास रुपये रु.50 भारत सत्यमेव जयते INDIA FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

R 570680

8) संस्थापक ट्रस्टी की पूर्ति

8–1 :– संस्थापक ट्रस्टी में से किसी का स्थान रिक्त होने पर शेष संस्थापक ट्रस्टी अपनी कुल संख्या के बहुमत से किसी अन्य व्यक्ति को ट्रस्टी नियुक्त कर सकेंगे।

8–2 :– इस प्रकार नियुक्त ट्रस्टी संस्थापक ट्रस्टी माना जायेगा।

9) ट्रस्टी का निष्कासन

9–1 :– ट्रस्ट के उद्देश्यों के विपरीत कार्य करने वांले किसी ट्रस्टी को संस्थापक ट्रस्टी पूर्ण बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा निष्कासित कर सकेंगे।

10) बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के अधिकार एवं कर्तव्य

10–1 :– बोर्ड ऑफ ट्रस्टी को ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए दान प्राप्त करने का अधिकार होगा। दान रोकड़, चैक, बैंक ड्राफ्ट, वस्तु अथवा चल और अचल सम्पत्ति के रूप में हो सकता है।

10–2 :– ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए बोर्ड ऑफ ट्रस्टी को सम्पत्ति का क्रय व विक्रय, विनियोजन करने अथवा उसे किराये पर देने का अधिकार होगा।

10–3 :– बोर्ड ऑफ ट्रस्टी को ट्रस्ट के कार्य के लिए ऋण प्राप्त करने का अधिकार होगा और इस कार्य के लिए आवश्यकता पड़ने पर ट्रस्ट की चल अथवा अचल सम्पत्ति को बंधक रखने का भी अधिकार होगा।



PRINCIPAL

Principal
Jai Narayan Public School
Kesarpur, Faridpur, Bareilly

For Jai Narayan Public School
Secretary

पचास रुपये रु.50 | भारत | सत्यमेव जयते | INDIA | FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

R 570681

10–4 :– बोर्ड ऑफ ट्रस्टी को ट्रस्ट की सम्पत्ति के हस्तांतरण अथवा विक्रय करने का अधिकार संस्थापक ट्रस्टी की संख्या के पूर्ण बहुमत द्वारा पारित प्रस्ताव से ही होगा।

10–5 :– समान उद्देश्यों वाली संस्थाओं से सहायता एवं सहयोग प्राप्त करने अथवा उन्हें सहायता एवं सहयोग प्रदान करने का अधिकार बोर्ड ऑफ ट्रस्टी को होगा।

10–6 :– इस ट्रस्ट का समापन करने, समान उद्देश्यों वाले किसी अन्य ट्रस्ट में विलीन करने अथवा इस ट्रस्ट पत्र में किसी प्रकार का संशोधन करने का अधिकार ट्रस्टी की कुल संख्या के पूर्ण बहुमत से ही प्राप्त हो सकेगा किन्तु संस्थापक ट्रस्टी का पूर्ण बहुमत होना अनिवार्य होगा।

10–7 :– ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति, इसके प्रबंधन, संचालन तथा बैठकों की कार्यवाही हेतु बोर्ड ऑफ ट्रस्टी आवश्यकतानुसार ऐसे नियमों का निर्माण, संशोधन अथवा परिवर्तन कर सकेंगे जो ट्रस्ट के उद्देश्यों अथवा इस ट्रस्ट पत्र की भावना एवं प्राविधानों के अनुरूप होंगे।

10–8 :– बोर्ड ऑफ ट्रस्टी को कार्य व्यवस्था हेतु आवश्यक उप समिति बनाने तथा बनी उप समिति को भंग करने का अधिकार होगा। इन उप समितियों में ट्रस्टी के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति भी सदस्य बनाये जा सकेंगे। उप समितियों के कर्तव्य एवं अधिकारों का निर्धारण बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ही करेगा।



PRINCIPAL

Principal
Jai Narayan Public School
Kesarpur, Faridpur, Bareilly

For Jai Narayan Public School
Secretary

10—9 :— बोर्ड ऑफ ट्रस्टी को आवश्यकतानुसार कर्मचारी आदि की नियुक्ति करने, उसे हटाने एवं उनके लिए सेवा नियम आदि बनाने का अधिकार होगा तथा इन कर्मचारियों का वेतन एवं वार्षिक वेतन वृद्धि निश्चित करेगा।

10—10 :— कोई भी ट्रस्टी ट्रस्ट से किसी प्रकार का वेतन, मानदेय आदि प्राप्त नहीं करेगा परन्तु ट्रस्ट के कार्य हेतु किये गये प्रयास एवं अन्य विधि सम्मत व्यय प्राप्त कर सकेगा।

10—11 :— ट्रस्ट के कार्यों से सम्बन्धित न्यायालयी प्रकरणों एवं वादों में लगा हुआ व्यय ट्रस्ट द्वारा वहन किया जायेगा।

10—12 :— ट्रस्ट का कार्य करते हुए आर्थिक एवं अन्य सम्भावित हानि को ट्रस्ट द्वारा ही वहन किया जायेगा और उसके लिए कोई ट्रस्टी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी नहीं होगा, जब तक वह हानि सम्बन्धित ट्रस्टी ने जान बूझकर न की हो।

11) ट्रस्ट की कार्य/प्रबंध समिति

11—1 :— ट्रस्ट के कार्य के संचालन हेतु एक कार्य समिति होगी जिसके निम्नलिखित घटक होंगे:—

1— ट्रस्ट के अध्यक्ष
2— ट्रस्ट के उपाध्यक्ष
3— ट्रस्ट के सचिव
4— ट्रस्ट के सह सचिव
5— ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष

कार्य समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का निर्वाचन बोर्ड ऑफ ट्रस्टी द्वारा ट्रस्टी में से ही बहुमत द्वारा किया जा सकेगा परन्तु ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा सचिव संस्थापक ट्रस्टी से ही नियुक्त किये जा सकेंगे।

11—2 :— कार्य समिति के पदाधिकारी ही बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के पदाधिकारी होंगे।

11—3 :— कार्य समिति का कार्यकाल पांच वर्ष होगा।

11—4 :— कार्य समिति का सचिव ही ट्रस्ट का प्रबंध ट्रस्टी होगा।

PRINCIPAL
BLOOMING DALE MODERN SCHOOL
BIDIBA, BILASPUR



Principal
Jai Narayan Public School
Kesarpur, Faridpur, Bareilly

For Jai Narayan Public School
Secretary

11—5 :— प्रबंध ट्रस्टी ट्रस्ट का कार्यकारी अधिकारी होगा, उसे ट्रस्ट की कार्य समिति के सामान्य निर्देशों पर ट्रस्ट की ओर से समस्त नित्य–नैमित्यिक कार्य सम्पादन करने का अधिकार होगा तथा वह ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व करेगा। ट्रस्ट के द्वारा किये गये किसी भी न्यायालय के वाद में अथवा ट्रस्ट के विरूद्ध किये गये किसी भी वाद में प्रबंध ट्रस्टी ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व करेगा। इस संदर्भ में बोर्ड ऑफ ट्रस्टी आवश्यकता पड़ने पर बहुमत से किसी अन्य ट्रस्टी को अथवा अन्य किसी भी व्यक्ति को ट्रस्ट की ओर से प्रतिनिधित्व करने का अधिकार दे सकेंगे।

11—6 :— ट्रस्ट की प्रथम कार्य/प्रबंध समिति के सदस्यों के नाम, पते, व्यवसाय एवं ट्रस्ट में सौंपे गए पद इस प्रकार हैं—

| क्र0 सं0 | नाम व पिता का नाम | पता | पद | व्यवसाय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अरूण गुप्ता<br>सुपुत्र श्री एम0 एस0 गोयल | 10, अराधना सिविल लाइन्स, बरेली | अध्यक्ष | व्यापार |
| 2 | श्री अमित मनोहर<br>सुपुत्र श्री विपिन चन्द्र अग्रवाल | 437, सिकलापुर, बरेली | उपाध्यक्ष | चार्टेड एकाउन्टेण्ट |
| 3 | श्री शिवम् गुप्ता<br>सुपुत्र श्री अरूण गुप्ता | 10, अराधना सिविल लाइन्स, बरेली | सचिव | व्यापार |
| 4 | श्री शुभम गुप्ता<br>सुपुत्र श्री अरूण गुप्ता | 10, अराधना सिविल लाइन्स, बरेली | सहसचिव | व्यापार |
| 5 | श्री बृजमोहन शर्मा<br>सुपुत्र श्री डी0 एन0 शर्मा | 09 नार्थ सिटी पाकेट—बी0 इज्जतनगर, बरेली | कोषाध्यक्ष | शिक्षण |

12) कार्यवाही की वैधता

12—1 :— ट्रस्टी की संख्या में किसी कारण न्यूनता होने पर भी ट्रस्ट का समस्त कार्य करने हेतु अधिकृत होंगे, उनके द्वारा कृत समस्त कार्यवाही एवं लिए गए निर्णय उसी प्रकार वैध एवं मान्य होंगे जैसे पूर्ण संख्या होने पर होते हैं।

PRINCIPAL

For Jai Narayan Public School
Secretary

Principal
Jai Narayan Public School
Kesarpur, Faridpur, Bareilly

13) बैठकें, सूचना, गणपूर्ति

13—1 :— बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की वर्ष में न्यूनतम एक बार बैठक होगी। इसे वार्षिक अधिवेशन कहा जायेगा। बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की गणपूर्ति संख्या 3 होगीं।

13—2 :— गणपूर्ति के अभाव में स्थगित की गई बैठक आधा घण्टे के बाद उसी स्थान पर बिना गणपूर्ति के ही की जा सकेगी किन्तु इसमें केवल कार्य सूचित उल्लिखित विषय ही लिये जा सकेंगें।

13—3 :— कार्य समिति की वर्ष में न्यूनतम दो बार बैठक होगी। गणपूर्ति संख्या 3 होगीं।

13—4 :— बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की बैठक की सूचना कम से कम पन्द्रह दिन पूर्व और कार्य समिति की बैठक की सूचना सात दिन पूर्व देना आवश्यक होगा।

13—5 :— आवश्यकता पड़ने पर अध्यक्ष अथवा सचिव/प्रबन्ध ट्रस्टी अल्प सूचना पर बोर्ड ऑफ ट्रस्टी अथवा कार्य समिति की आपात बैठक आमंत्रित कर सकेंगे।

13—6 :— जिन विषयों पर कुल ट्रस्टी की संख्या का पूर्ण बहुमत चाहिए उन्हें छोड़कर सभी निर्णय बैठक में उपस्थित अन्य सभी ट्रस्टी साधारण बहुमत से कर सकेंगे। मतों के बराबर विभाजन होने पर अध्यक्ष को एक अतिरिक्त मत देने का अधिकार होगा।

13—7 :— यदि कोई प्रस्ताव प्रेषण (सर्कुलेशन) द्वारा आवश्यक बहुमत से पारित किया जाता है तो वह अन्य किसी बैठक में पारित नियम के समान ही ट्रस्ट द्वारा पारित समझा जायेगा।

14) वित्तीय वर्ष

14—1 :— ट्रस्ट का वित्तीय वर्ष प्रतिवर्ष 1 अप्रैल से आगामी 31 मार्च तक होगा।

15) बैंक खाता

15—1 :— ट्रस्टी, बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के द्वारा पारित प्रस्ताव से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में ट्रस्ट का खाता खोल सकेंगे। इस खाते को ट्रस्ट के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष में से किन्हीं दो के संयुक्त हस्ताक्षर द्वारा संचालित किया जायेगा।



For Jai Narayan Public School
Secretary

Principal
Jai Narayan Public School
Kesarpur, Faridpur, Bareilly

16) आडिट

16—1 :— ट्रस्ट के समस्त हिसाब किताब का वार्षिक लेखा ट्रस्ट द्वारा नियुक्त लेखाकार (चार्टेड एकाउन्टेंट) द्वारा किया जायेगा। बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ही उसकी फीस आदि तय करेगा।

17) :— यदि ट्रस्ट के किसी भी नियम या बाईलॉज में किसी सुधार की आवश्यकता होती है तो यह अधिकार बोर्ड ऑफ ट्रस्टी को होगा, जो बहुमत से कर सकेंगे किन्तु ट्रस्ट के नाम में परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।

18) :— यह ट्रस्ट पंजीकरण की तिथि (11/12/2009) से प्रभावी होगा।

गवाह Ram Pal S/o Shri Behari Lal 77 II Millalapuri Delapur Bareilly

गवाह ASHOK KUMAR S/o Sh. B.N. Gupta 403-B/4 Basant Colony Bareilly

दिनांक 11/12/2009

ड्राफ्टवाई — अनूप कुमार सक्सेना, कातिब, बरेली

टाइपवाई — विदुषी, बरेली

PRINCIPAL



For Jai Narayan Public School

Secretary

Principal

Jai Narayan Public School

...sarpur, Faridpur, Bareilly

# रजिस्ट्रेशन अधि० 1908 की धारा-32 ए० के अनुपालन हेतु फिंगर प्रिन्टस

प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता का नाम व पता :- श्री अरुण गुप्ता पु० श्री एम० एस० गोयल
10 आराधना सिविल लाइन्स, बरेली।

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



Arun Gupta
प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता/क्रेता के हस्ताक्षर

विक्रेता/क्रेता का नाम व पता :- श्री अमित मनोहर पु० स्व०
निमित्त चन्द्र अग्रवाल, 437, सिकलापुर, बरेली

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



A. manohar
विक्रेता/क्रेता के हस्ताक्षर

PRINCIPAL
BLOOMING MODERN SCHOOL
DIBDIBA, BILASPUR

Principal
Jai Narayan Public School
Faridpur, Bareilly


For Jai Narayan Public School
Secretary

रजिस्ट्रेशन एक्ट 1908 की धारा 32 ए के अनुपालन हेतु

# फिंगर प्रिन्टस

प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता का नाम व पता :- श्री शिवम गुप्ता पु० श्री अरुण गुप्ता
10 आराधना सिविल लाइन्स, बरेली ।

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-




दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-




प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता/क्रेता का हस्ताक्षर

विक्रेता/क्रेता का नाम व पता :- श्री बृजमोहन शर्मा पु० श्री डी० एन० शर्मा
9 नार्थ सिटी पार्क बी, इज्जतनगर, बरेली ।

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



BLOOMING DALE ... SCHOOL
PRINCIPAL
DIBDIBA, BILASPUR

विक्रेता/क्रेता के हस्ताक्षर

For Jai Narayan Public School
Secretary

Principal
Jai Narayan Public School
Kesarpur, Faridpur, Bareilly

# फिंगर प्रिन्टस

प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता का नाम व पता :- शुभम गुप्ता S/o श्री अरुण गुप्ता 10 आराधना सिविल लाइन्स, बरेली।

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-

दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-

Shubham Gupta

प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता/क्रेता के हस्ताक्षर

विक्रेता/क्रेता का नाम व पता :-

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-

दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-

विक्रेता/क्रेता के हस्ताक्षर

BLOOMING DALE MODERN SCHOOL
PRINCIPAL
DIBDIBA, BILASPUR

Principal
Jai Narayan Public School
... pur, Faridpur, Bareilly

For Jai Narayan Public School
Secretary